# पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.)

क्रमांक: 2948/अका./का.प./2016 रायपुर, दिनांक 26/11/2016

विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की चौबीसवीं* बैठक गुरुवार, दिनांक 24.11.2016 को अपराह्न 3:00 बजे कुलपति सचिवालय के बैठक कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित हुए:

| | | |
|---|---|---|
| 1. प्रो. एस.के. पाण्डेय, कुलपति | – | अध्यक्ष |
| 2. डॉ. अमरकांत पाण्डेय | – | सदस्य |
| 3. डॉ. शैलेन्द्र सराफ | – | सदस्य |
| 4. डॉ. (श्रीमती) जेड.टी. खान | – | सदस्य |
| 5. डॉ. के.एल. वर्मा | – | सदस्य |
| 6. डॉ. पी. सी. अग्रवाल | – | सदस्य |
| 7. डॉ. चन्द्र कुमार चन्द्राकर | – | सदस्य |
| 8. श्री एस.के. चक्रवर्ती | – | सदस्य |
| 9. डॉ. दिनेश मारोठिया | – | सदस्य |
| 10. श्री ललित सुरजन | – | सदस्य |
| 11. श्री श्रीचंद सुंदरानी | – | सदस्य |
| 12. श्री धर्मेश कुमार साहू, कुलसचिव | – | सचिव |

**कार्यपरिषद् के नवनियुक्त सदस्य डॉ. (श्रीमती) जेड.टी. खान, प्राध्यापक, भूगोल एवं डां. के. एल. वर्मा, प्राध्यापक, साहित्य एवं भाषा विज्ञान का कुलपति जी के द्वारा सदस्यों का परिचय कराते हुए स्वागत किया गया।**

**डॉ. ए.के. पति, Director, IQAC के द्वारा आगामी NAAC Peer team के समक्ष विश्वविद्यालय के मूल्यांकन हेतु विभिन्न जानकारी का विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण में प्रदत्त जानकारी से सभी सदस्य अवगत हुए।**

**कार्यवृत्त :**

## मुख्य विषय सूची

01. विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक, दिनांक 17.10.2016 के कार्यवृत्त को सम्पुष्टि प्रदान करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17.10.2016 के कार्यवृत्त की सम्पुष्टि प्रदान की गई।**

02. विश्वविद्यालय के कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17.10.2016 के कार्यवाही विवरण पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण करना।

निर्णय : विश्वविद्यालय कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17.10.2016 की बैठक के कार्यवाही विवरण का पालन प्रतिवेदन की सूचना ग्रहण की गई।

03. अवकाश नगदीकरण की राशि 11,54,049.00 रुपये के भुगतान के संबंध में कार्येत्तर स्वीकृति।

निर्णय : **डॉ. मो. इम्तियाज अहमद, ग्रंथपाल, पं. सुंदरलाल शर्मा ग्रंथागार का दिनांक 31.10.2016 को सेवानिवृत्त का 233 दिनों का अवकाश नगदीकरण की राशि 11,54,049.00 रुपये के भुगतान का कार्येत्तर अनुमोदन किया गया।**

04. परीक्षा प्रोसेसिंग, लेखा, स्टोर, कर्मचारियों की रिकार्ड के कम्प्युटरीकरण व डिजिटायजेशन किये जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **छत्तीसगढ़ शासन के अन्तर्गत नेशनल इंफरमेटिक्स सेन्टर अथवा अन्य सक्षम सरकारी संस्था से विचार विमर्श कर, परीक्षा प्रोसेसिंग, लेखा, स्टोर, कर्मचारियों की रिकार्ड के कम्प्युटरीकरण व डिजिटायजेशन किये जाने का अनुमोदन किया गया।**

**05. बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रम में प्रथम प्रयास में प्रथम स्थान पाने वाले परीक्षार्थी के लिए दानदाता डॉ. रामचन्द्र सिंह देव के द्वारा Late Shri Nripendra Narayan Singh Deo की स्मृति में स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने पर विचार करना।**

निर्णय : **दानदाता डॉ. रामचन्द्र सिंह देव, म.नं.– HIG D.D.-106, शिव मंदिर के पास, मौलश्री विहार रोड, पुरैना, रायपुर के द्वारा Shri Nripendra Narayan Singh Deo के सम्मान में '<u>Late Shri Nripendra Narayan Singh Deo (Korea) Memorial Gold Medal</u>' के नाम से सत्र 2015–16 बी.ए.एल.एल.बी. की परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त छात्र/छात्रा को स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने संबंधी विनियम क्रमांक–171 का अनुमोदन किया गया।**

06. छात्र सुदर्शन कुमार साहू, पिता श्री हेमलाल साहू, बी.ए. भाग–I, II, III एवं एम.ए. हिन्दी साहित्य के उपाधि को निरस्त करने पर विचार करना।

निर्णय : **छात्र सुदर्शन कुमार साहू, पिता श्री हेमलाल साहू के द्वारा 2016 में अर्जित बी.ए. की उपाधि को मान्य करते हुए उनके द्वारा अर्जित बी.ए. 2011 एवं एम.ए. हिन्दी साहित्य 2013 की उपाधि को समर्पण करने के आवेदन को स्वीकार किया गया।**

07. सभी विभागों में Biometric device के माध्यम से उपस्थिति लिये जाने बाबत् विचार करना।

निर्णय : **सभी विभागों में Biometric device के माध्यम से उपस्थिति लिये जाने का अनुमोदन किया गया।**

08. Energy Audit Report Compliance पर विचार करना।

निर्णय : **बजट में प्रावधान करते हुए Energy Audit Report के Compliance के लिए अनुमोदित किया गया।**

09. प्रशासनिक भवन एवं अध्ययनशालाओं में इंटरकॉम व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय परिसर में आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगाये जाने के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **प्रशासनिक भवन एवं अध्ययनशालाओं में इंटरकॉम व्यवस्था एवं विश्वविद्यालय परिसर में आवश्यकतानुसार सी.सी.टी.व्ही. कैमरा लगाये जाने का अनुमोदन किया गया।**

## <u>अध्यक्ष के अनुमति से अन्य निर्णय</u>

10. विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक, दिनांक 22.11.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना।

निर्णय : **विश्वविद्यालय विद्यापरिषद् की स्थायी समिति की बैठक दिनांक 22.11.2016 के कार्यवृत्त का अनुमोदन किया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि जिन महाविद्यालयों का सशर्त सम्बद्धता प्रदान की गई है, उनकी शर्त की पूर्ति निर्धारित अवधि में अकादमिक विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जाय।**

11. वार्षिक परीक्षा 2015, पुनर्मूल्यांकन पश्चात् छात्रों के मूल अंकों 30 प्रतिशत से अधिक अंकों की वृद्धि के संबंध में परीक्षा समिति की अनुशंसा के संबंध में विचार करना।

निर्णय : **मूल्यांकन कार्य में लापरवाही किये जाने के फलस्वरूप परीक्षा समिति की अनुशंसा पर विचार करते हुए, (1) डॉ. शिखा पहारे, डी.पी. विप्र महाविलाय, बिलासपुर, (2) शैलेन्द्र कुमार साहू, छ.ग. महतारी महाविद्यालय, मखारा, (3) डॉ. सोनिया बजाज, श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, भिलाई, (4) अमित कुमार साहू, अतिथि प्राध्यापक, शास. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, धमतरी, (5) डॉ. एन.के. पटनायक, शास. महाविद्यालय, धरसींवा को परीक्षा कार्य से 2 वर्ष के लिये वंचित किया जाता है।**

12. **विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए शैक्षणिक सत्र 2016–17 से परीक्षा एवं अन्य शुल्क वृद्धि के संबंध में पुनर्विचार किया गया एवं कार्यपरिषद् की बैठक दिनांक 17.10.2016 के निर्णय को यथावत् रखा गया।**

13. **सत्र 2016–17 के स्नातकोत्तर कक्षाओं की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा में Question Paper Pattern के स्वरूप में परिवर्तन पर, छात्रों के मांग के संदर्भ में पुनर्विचार किया गया एवं छात्रहित में इसे यथावत् रखने का निर्णय लिया गया।**

14. **विश्वविद्यालय में 20 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2016 तक 15वीं DST INSPIRE CAMP का आयोजन में छत्तीसगढ़ के 20 जिलों से 200 छात्रों के चयन का सूचना ग्रहण किया गया।**

15. शिक्षकों के रिक्त पदों एवं केरियर एडवांसमेंट स्कीम के तहत पदोन्नति के लिए गठित चयन समिति की दिनांक 22.10.2016 से 11.11.2016 को आयोजित बैठकों में की गई अनुशंसा संबंधी लिफाफे खोले गये तथा नियुक्ति हेतु मान्य किया गया –

| Interview Date | Subject | Post | Name | With Effect From |
|---|---|---|---|---|
| 22-10-2016 | Biotechnology | Professor (CAS) | Dr. Keshav Kant Sahu | 08-11-2015 |
| 07-11-2016 | Mathematics | Professor (CAS) | Dr. B.S. Thakur | 15-09-2014 |
| 07-11-2016 | Mathematics | Asst. Professor (ST) | Dr. Dipti Thakur | -- |
| 07-11-2016 | Mathematics | Asst. Professor (SC) | Not found Suitable | -- |
| 07-11-2016 | Mathematics | Assistant Professor (UR) Center for Basic Science | Dr. G.P. Sahu (Recommended)<br>Waiting List<br>1. P.K. Sahu<br>2. Dr. Niyati Gurudwan | -- |
| 08-11-2016 | Economics | Associate Professor (ST) | Not found Suitable | -- |
| 08-11-2016 | Economics | Associate Professor (CAS) | Dr. B.L. Sonekar | 20-09-2015 |
| 08-11-2016 | Economics | Assistant Professor Stage 1 to 2 (CAS) | Dr. Sunil Kumar Kumeti | 08-11-2016 |
| | Economics | Assistant Professor Stage 1 to 2 (CAS) | Dr. (Smt.) Archana Sethi | 08-11-2016 |
| 09-11-2016 | Pharmacy | Professor (CAS) | Dr. Preeti K. Suresh | 27-11-2014 |
| 09-11-2016 | Pharmacy | Associate Professor (ST) | Not found Suitable | -- |
| 09-11-2016 | Pharmacy | Associate Professor (CAS) | Dr. Sanjay J. Daharwal | 29-10-2016 |
| 09-11-2016 | Pharmacy | Assistant Professor Stage 1 to 2 (CAS) | Dr. Rajendra Kumar Jangde | 08-11-2016 |
| 10-11-2016 | Ancient Indian History Archeology & Culture | Professor (CAS) | Dr. Dinesh Nandini Parihar | 14-10-2015 |
| 11-11-2016 | Swami Vivekanand Chair Sanctioned by UGC for XII FYP Sanction letter no. 74-1/2015/(SU-II) Dated 5 Jun 2015 | Swami Vivekanand Chair Professor | The nomination committee recommended to invite **Prof. Om Prakash Verma** to accept the position of Swami Vivekananda Chair Professor as per UGC XII FYP Guide line. | |

16. अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव दिनांक 17.11.2016 से 21.11.2016 में 25 विश्वविद्यालय के 931 छात्र–छात्राएं, 52 टीम मैनेजर एवं 26 निर्णायकों की सहभागिता रही, जिसकी सफल आयोजन की सूचना ग्रहण की गई।

इस अंतर विश्वविद्यालयीन युवा महोत्सव के लिए सफल आयोजन हेतु निविदा आमंत्रित कर व्यवस्था की गई थी, जिसका देयक प्राप्त होने पर भुगतान किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई।

अध्यक्ष को धन्यवाद ज्ञापन करने के साथ बैठक संपन्न हुई।

कुलपति
अध्यक्ष

कुलसचिव
सचिव

पृ. क्रमांक: 2949 /अका./का.प./2016 रायपुर, दिनांक 26/11/2016

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय के प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़, राजभवन, रायपुर।
2. कार्यपरिषद के समस्त सदस्यों को।
3. अध्यक्ष, समस्त अध्ययनशाला/समस्त विभागीय अधिकारी,
4. संचालक, महाविद्यालय विकास परिषद्/ जनसंपर्क अधिकारी/अधिष्ठाता, छात्र कल्याण,
5. वित्त नियंत्रक/प्रभारी, अंकेक्षण,
6. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि., रायपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

उप कुलसचिव (अका.)